गर्लफ्रेंड से झगड़े के बाद युवक ने लगाई फांसी

लखनऊ,। राजधानी में गर्लफ्रेंड से झगड़े के बाद 22 साल के युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या से पहले उसने फंदे के साथ अपनी फोटो गर्लफ्रेंड को भेजी थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने महिला मित्र सलोनी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में एफआईआर दर्ज की है। घटना मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे बाजारखाला इलाके की है। आकांक्ष (22) की सलोनी के साथ शादी होने वाली थी। इसी बीच सलोनी किसी और से बात करने लगी। इसकी जानकारी होने पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। भरतपुरी बी निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा आकांक्ष राजाजीपुरम के डबल पुलिया निवासी सलोनी के संपर्क में था। दोनों के बीच करीब दो साल से दोस्ती थी। पिता का आरोप है कि सलोनी उनके बेटे को प्रताड़ित कर रही थी। इससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई साहिल के मुताबिक, आकांक्ष शकुंतला नाम के ऑफिस में सफाई का काम करता था। वह सलोनी से शादी करना चाहता था और परिवार भी इसके लिए तैयार था। घर में दादी का निधन होने के कारण दिवाली के बाद शादी से जुड़ा कार्यक्रम करने की तैयारी थी। इसी बीच आकांक्ष को पता चला कि सलोनी किसी दूसरे युवक के भी संपर्क में है। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। मंगलवार रात खाना खाने के बाद आकांक्ष छत पर गया। कुछ देर बाद उसने बाथरूम के दरवाजे की ग्रिल से प्लास्टिक का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बाजारखाला पुलिस के मुताबिक, पिता की तहरीर पर सलोनी के खिलाफआत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



चारबाग स्टेशन पर दीपावली के बाद अपने गन्तब्य को जाने वालों की उमड़ी भारी भीड़।

24 घंटे संचालित वार रूम से भीड़ एवं ट्रेन परिचालन की निगरानी

लखनऊ,। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित रेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसी क्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रास्ट्रक्चर) भुवनेश सिंह ने स्टेशन निदेशक, गोरखपुर श्री रतनदीप गुप्ता एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में स्टेशन पर छठ पर्व के दौरान भीड़ प्रबंधन एवं यात्री सुविधाओं के लिए की गई विशेष व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर मंडलीय नियंत्रक कक्ष, लखनऊ के साथ गोरखपुर स्टेशन पर भी 24 घंटे संचालित वार रूम स्थापित किए गए हैं। यहां अधिकारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है, जिसके माध्यम से स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़, ट्रेनों के परिचालन एवं यात्री सुविधाओं की रियल टाइम निगरानी की जा रही है। प्रमुख स्टेशनों पर वाणिज्य विभाग द्वारा हेल्प डेस्क संचालित किए जा रहे हैं, जहां यात्रियों को विशेष ट्रेनों, टिकट एवं अन्य रेल सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

महिला सहित बेटियों पर धारदार हथियार से हमला

मोहनलालगंज। नगराम थाना क्षेत्र के हरदोइया गाँव में बुधवार को मामूली विवाद के दौरान एक व्यक्ति ने महिला और उसकी बेटियों के साथ कथित तौर पर मारपीट की। आरोप है कि विपक्षी ने धारदार हथियार से हमला करने के साथ ही गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर नगराम पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक, हरदोइया गांव निवासी पियारा पत्नी शिवपरसन यादव ने शिकायत दर्ज कराई है कि गांव के ही पल्टू पुत्र स्वर्गीय भाईलाल ने बुधवार की सुबह उनके और उनकी पुत्रियों के साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान धारदार हथियार का इस्तेमाल किया गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले में नगराम पुलिस ने आरोपी पल्टू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

ससुरालियों से परेशान होकर युवक गोमती में कूदा

लखनऊ,। राजधानी में गोमती नदी में बुधवार को 27 साल के युवक का शव मिला। वह सोमवार रात से लापता था। समतामूलक चौराहे से 1090 चौराहे की ओर जाने वाले गोमती पुल पर लावारिश हालत में उसकी बाइक मिली थी। युवक की पहचान मोहम्मद जीशान के रूप में हुई है। सुसाइड से पहले उसने एक वीडियो बनाकर परिवार को भेजा था। वीडियो में युवक ने आत्महत्या करने की बात कहते हुए इसके लिए अपने ससुराल वालों को जिम्मेदार ठहराया था। उसने कहा मेरे ससुराल वाले मुझे लगातार टॉर्चर कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू कराया था। पुलिस के मुताबिक, 10 नवंबर की देर रात करीब तीन बजे गश्त के दौरान गोमती नदी के पुल पर लावारिस हालत में एक बाइक खड़ी मिली। उसके ऊपर एक मोबाइल फोन भी चालू हालत में रखा था। आसपास पूछताछ में बाइक मालिक के बारे में जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने ई-चालान ऐप की मदद से युवक के बारे में पता लगाया। यह बाइक सआदतगंज के कटरा खुदायार खां निवासी मोहम्मद जीशान की थी। बाइक में दर्ज मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन नंबर बंद मिला। इसके बाद थाना सआदतगंज के माध्यम से परिजनों को सूचना दी गई। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे जीशान के परिजन थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि जीशान ने रात करीब एक बजे अपने बहनोई सैफू को एक वीडियो भेजा था। इसमें उसने आत्महत्या करने की बात कही थी और इसके लिए ससुराल पक्ष को जिम्मेदार बताया था। मैं जीशान, बाप का नाम शकील। मैं अपनी सास सीमा, उनके घर वालों और अपनी बीबी महवर से बहुत परेशान हू। ये लोग मुझे बहुत टॉर्चर कर रहे हैं। ये सभी मुझे मारते-पीटते हैं। सब कुछ कर रहे हैं। मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं। मेरी मौत का कारण महवर,सीमा, समा, मोहसिन और भी सब लोग हैं। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से गोमती नदी में तलाशी अभियान शुरू कराया। बुधवार सुबह 11 बजे गोमतीनगर क्षेत्र में रिवर फ्रंट के पास नदी से जीशान का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों की मौजूदगी में पंचायतनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

राजमिस्त्री की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया

लखनऊ,। राजमिस्त्री की मौत के बाद बुधवार सुबह परिजनों ने हंगामा किया। उन्होंने हत्या का केस दर्ज करने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। परिवार ने सरकारी जमीन का पट्टा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और बच्चों की मुफ्त पढ़ाई की मांग भी रखी। करीब साढ़े चार घंटे बाद एसीपी के आश्वासन पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सुभाष (43) का अंतिम संस्कार किया गया। मामला रहीमाबाद थाना क्षेत्र के संत नगर गांव का है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार शाम सुभाष घर से बीड़ी लेने निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। मंगलवार सुबह खेत में उनका शव मिला। उनके गले में आधी पैंट फंसी थी और पैंट का दूसरा हिस्सा पेड़ से लटक रहा था। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण किया। परिजनों ने पड़ोस के लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मंगलवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। बुधवार सुबह परिजनों ने केस दर्ज करने और सरकारी मदद की मांग को लेकर हंगामा शुरू किया। मौके पर पहुंचे एसीपी मलिहाबाद ज्ञानेंद्र सिंह ने उनसे बात की। ज्ञानेंद्र सिंह ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई और राजस्व विभाग के जरिए परिवार को मदद दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी और परिवार को हर संभव मदद दिलाने की कोशिश होगी।

एक नजर

शराब के पैसों को लेकर झगड़ा, दोस्त ने ही कर दी हत्या

लखनऊ। बीकेटी थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर खमरई में शराब पीने के दौरान हुए झगड़े ने एक युवक की जान ले ली। दोस्त ने ही हरिश्चन्द्र (35) की पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को गांव के बाहर इंटीग्रल स्कूल के पास डामर रोड पर नहर किनारे फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी मोनू गौतम (22) को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की मां बुधाना ने थाने में तहरीर दी थी कि मोनू ने उनके बेटे की हत्या कर शव फेंक दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। मंगलवार शाम करीब 5 बजे संसारपुर पडरी तिराहे के पास से मुखबिर की सूचना पर मोनू को दबोच लिया गया।पूछताछ में मोनू ने बताया कि वह मृतक के साथ शराब पी रहा था। शराब खत्म होने के बाद पैसों को लेकर छीना-झपटी और मारपीट हो गई। मारपीट में हरिश्चन्द्र को गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर रही है।

मानसिक रूप से कमजोर महिला को बांधकर पीटा

लखनऊ।इंदिरानगर में मानसिक रूप से कमजोर एक महिला को बांधकर पीटने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपी मूल रूप से असम के रहने वाले हैं और मानस सिटी के पीछे सुग्गामऊ झुग्गी-झोपड़ी में रहते थे।10 नवंबर को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग एक महिला को बांधकर मारपीट करते दिख रहे थे। पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया। जांच में पता चला कि महिला बाराबंकी की रहने वाली है और मानसिक रूप से कमजोर है। लोगों ने उसे बच्चा चोर समझकर पीट दिया था।महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी किसी बच्चे की चोरी नहीं कर रही थी। पति की तहरीर पर पुलिस ने सनीदुल, सरीफुल, जमालुद्दीन व 5-6 अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।डीसीपी पूर्वी के निर्देश पर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मानस ग्रीन पार्क पानी टंकी के पास से मो. आयनुद्दीन (30) को, नेवादा पावर हाउस के पास से जमालुद्दीन (31) को और एमजे फन सिटी वाटर पार्क के पास जंगल से सरीफुल इस्लाम (24) व सनीदुल इस्लाम (19) को गिरफ्तार किया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

टिकट जांच अभियान, 573 मामले पकड़े

लखनऊ-उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने तथा रेल राजस्व में वृद्धि के उद्देश्य से दिनांक 10 नवम्बर, 2026 को लखनऊ-बरेली-लखनऊ रेलखंड पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक मोहित कुमार मेहंदीरत्ता के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत ट्रेन संख्या 15127, 14207 एवं 14524 में लखनऊ से बरेली तथा वापसी दिशा में यात्रियों के टिकटों की सघन जांच की गई। इस दौरान 6 टिकट चेकिंग के कर्मचारियों तथा रेलवे सुरक्षा बल के 03 पुरुष एवं 01 महिला कर्मी सहित कुल 10 सदस्यीय टीम ने जांच अभियान में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, इसी दिन वापसी दिशा में संचालित ट्रेन संख्या 12556 एवं 11124 में भी विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के दौरान कुल 573 अनियमित यात्रा के मामले पकड़े गए। इनके माध्यम से किराये के रूप में 1,85,952 तथा जुर्माने के रूप में 2,85,623 की वसूली की गई। इस प्रकार कुल 4,71,575 की वसूली दर्ज की गई।

तमंचा लहराकर ग्रामीणों को धमकाने का आरोप

बंथरा। बंथरा थाना क्षेत्र के खसरवारा गांव में एक युवक पर देशी तमंचा लहराकर बच्चों और ग्रामीणों को डराने-धमकाने का आरोप लगा है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने आरोपी रोशन पुत्र नासिर को पकड़ लिया। ग्रामीणों के मुताबिक, आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा और पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। इस संबंध में शिवशंकर समेत पांच ग्रामीणों ने बंथरा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना 10 नवंबर की रात करीब नौ बजे की बताई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

जमीन के बंटवारे के विवाद में बुजुर्ग विधवा से मारपीट का आरोप

बंथरा। बेती गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग विधवा महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। रामदेवी पत्नी स्वर्गीय मनोहर लाल गौतम ने अपने परिवार के कल्लू और शिवराज गौतम पर गाली-गलौज कर डंडों से मारने का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक, 10 नवंबर की सुबह करीब आठ बजे दोनों ने उसके दरवाजे पर अकेला पाकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

गाड़ी हटाने को लेकर विवाद में मारपीट

लखनऊ।पारा थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहगंज में सिर्फ गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। मारपीट में एक व्यक्ति की दो भतीजियां चोटिल हो गईं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को कब्जे में लेकर तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। गांव में पुलिस बल मौजूद है और स्थिति सामान्य है। बताया जा रहा है कि मंगलवार शाम करीब 4-20 बजे धर्मपाल सिंह अपनी कार से अपनी दो भतीजियों के साथ शॉपिंग के लिए घर से निकल रहे थे। घर के पास पहले से एक कार रास्ते में खड़ी थी। धर्मपाल ने हॉर्न बजाकर गाड़ी हटाने को कहा, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं हटाई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि रास्ते में खड़ी कार की तरफ से टिल्लू व शिवा पुत्रगण बऊआ निवासी बाराखेड़ा, थाना हसनगंज, उन्नाव तथा अक्कू मिश्रा निवासी औरास, उन्नाव ने धर्मपाल सिंह और उनकी भतीजियों के साथ मारपीट की।

रिश्वत के आरोप में रहीमाबाद थाने का सिपाही निलंबित

मामले की जांच एसीपी मलिहाबाद को सौंपी गई

मलिहाबाद, लखनऊ। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और ऑडियो क्लिप के मामले में लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना रहीमाबाद पर नियुक्त आरक्षी प्रेम नारायण को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस विभाग ने प्रकरण को बेहद गंभीरता से लेते हुए विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं। बताते चलें कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो क्लिप एवं ऑडियो क्लिप वायरल हुई थी। इसमें थाना रहीमाबाद पर नियुक्त आरक्षी प्रेम नारायण द्वारा रिश्वत लिए जाने के आरोप लगाए गए थे। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और उच्चाधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त उत्तरी, कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा उक्त आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण की जांच एसीपी मलिहाबाद को सौंपी गई ।उक्त प्रकरण की प्रारंभिक जांच एसीपी मलिहाबाद ज्ञानेंद्र सिंह को दी गई है। एसीपी वायरल वीडियो और ऑडियो की सत्यता, समय और परिस्थितियों की जांच करेंगे। जांच में यह भी देखा जाएगा कि वीडियो में दिख रहा लेन-देन किस बात को लेकर हुआ था। इसके साथ ही आरक्षी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी प्रचलित कर दी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि भ्रष्टाचार के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

सात दिन से लापता एमआर की मौत पर गहराया रहस्य

हत्या या आत्महत्या की गुत्थी अनसुलझी,हरौनी स्टेशन पर ट्रेन से कटा मिला शव, जेब से बरामद हुआ नेपाल से लखनऊ का बस टिकट

बंथरा। बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात ट्रेन की चपेट में आने से हुई मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) अभिषेक सिंह चौहान (34) की मौत का मामला अब रहस्यमय होता जा रहा है। सात दिनों से लापता अभिषेक का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने के बाद घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।



शुरुआती तौर पर मामला ट्रेन की चपेट में आने से मौत का सामने आया है, लेकिन परिस्थितियां संदिग्ध होने के चलते हत्या और आत्महत्या के बीच उलझी गुत्थी अभी सुलझ नहीं सकी है। आशंका जताई जा रही है कि कहीं किसी ने हत्या के बाद शव रेलवे ट्रैक पर तो नहीं फेंक दिया। हालांकि, इसकी अभी कोई पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।जानकारी के मुताबिक, मंगलवार रात करीब 9-30 बजे लखनऊ से कानपुर की ओर जा रही 12565 अप बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस के लोको पायलट ने हरौनी स्टेशन मास्टर को युवक के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना दी। लोको पायलट के अनुसार, प्लेटफॉर्म शुरू होने के दौरान युवक अचानक ट्रेन के सामने आ गया। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर तलाशी ली तो कपड़ों से मिले पहचान पत्र के आधार पर उसकी पहचान हरौनी गांव निवासी अभिषेक सिंह चौहान के रूप में हुई।

आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी शुरू



लखनऊ। राजधानी के गोमती तट पर लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।आज लक्ष्मण मेला मैदान स्थित छठ घाट पर साफसफाईए रंगाई.पुताई और सजावट का को अंतिम रूप दिया जा रहा है।अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय और शासन प्रशासन के अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।घाट को आकर्षक बनाने के लिए कलाकारों ने अद्भुत रंगोली बनायी है।बताते चलें कि 15 और 16 नवंबर को छठ महापर्व का आयोजन होगा।छठ सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व है।इसमें व्रती 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा करते हैं। लखनऊ में कुल 110 जगहों पर छठ पूजा की जाती है और 15 नवंबर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसमें सैंकड़ों कलाकार हिस्सा लेंगे।मुख्य कलाकार के तौर पर पद्मश्री मालिनी अवस्थी शामिल होंगी। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने बताया कि घाट की पेंटिंग और सुंदरीकरण का काम लगभग पूरा हो गया है।उन्होंने बताया कि लखनऊ में करीब 110 स्थानों पर छठ पूजा होती है। सभी घाटों पर बेहतर व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों से संपर्क किया गया है।

शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

लखनऊ। गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी समर्थ जैन (40) को साहिबाबाद स्थित उसके घर से दबिश देकर पकड़ा गया। पुलिस उसे कोर्ट में पेश कर रही है।पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि समर्थ जैन ने उसे शादी का झांसा दिया और शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी से मुकर गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने समर्थ जैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।जांच के दौरान पुलिस ने मोबाइल लोकेशन और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। पता चला कि वह गाजियाबाद के साहिबाबाद में रह रहा है।इसके बाद विवेचक मिथलेश सिंह के नेतृत्व में गोमतीनगर विस्तार पुलिस टीम गाजियाबाद पहुंची।

ईको गार्डन में 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी

लखनऊ,। राजधानी के ईको गार्डन में 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी है। 72 दिनों से धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने भाई दूज भी धरनास्थल पर मनाया। घर नहीं जा सके तो वीडियो कॉल के जरिए बहनों से बात कर त्योहार मनाया। रोते हुए बहन बोली भैया घर कब आओगे? प्रदर्शनकारियों ने भूख हड़ताल भी शुरू कर दी है। अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार और अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें घर-परिवार छोड़कर धरना देना पड़ रहा है। उनका कहना है कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने इसे अंतिम सांस तक जारी रखने का ऐलान किया है। प्रदर्शन कर रहे नवीन चौधरी ने कहा कि मुरादाबाद से आए हैं और 3 महीने से घर छोड़कर इको गार्डन में रह रहे हैं। इन्होंने बताया कि रक्षाबंधन पर भी घर नहीं गया उसके बाद दशहरा आया उसमें भी घर नहीं गया । दिवाली इसी इको गार्डन में मनाया और अब भाई दूज भी मना रहे हैं ल। इन्होंने बताया बूढ़े माता-पिता को अकेला छोड़कर मजबूरी में यहां पड़े हुए हैं। जब बुजुर्ग मां-बाप फोन करके पूछते हैं कि घर कब आओगे नौकरी कब तक लगेगी तो कोई जवाब नहीं रहता है सिर्फ आंसू निकलते हैं। उन्होंने कहा कि हमने ठान लिया है या तो कफन में जाएंगे या नियुक्ति लेकर उठेंगे। नियुक्ति या फिर मुक्ति इससे कम में समझौता नहीं होगा। प्रदर्शन करने आशुतोष ने बताया कि वीडियो कॉल के जरिए दशहरा, दिवाली और आज भाई दूज मनाया। अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ही एक जरिया बचा है कि परिवार से संपर्क कर सकें।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सबअर्बन (जिला), महाराष्ट्र-400072
सीतापुर शाखा: मोहल्ला लोहार बाग भवना, भवन संख्या 15/1/352, आईहॉस्पिटल रोड, संतोषी माता मंदिर के पास, सीतापुर, परगना खैराबाद, तह व जिला सीतापुर (उ.प्र.) - 261001
लखनऊ शाखा: बी-2/6, डी-2/23, डी-2/24 एवं डी-2/25, प्रथम तल, विश्वासशील कॉम्प्लेक्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ- 226010, उत्तर प्रदेश
लखनऊ एलडीए कॉलोनी शाखा: पाल प्लाजा, अपर ग्राउंड फ्लोर, केबीसी 15, सेक्टर बी, कानपुर रोड, लखनऊ- 226005 (उ.प्र.)

ई-नीलामी - बिक्री सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

क्र.	ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/ जमानतदार	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (RP)	बयाना जमा राशि (ईएमडी)(RP का 10%)	कब्जे का प्रकार
1	(लोन कोड नं. 11900000131, 11910000085 एवं 11910000154 / सीतापुर शाखा) विकास कुमार बालमिकी (ऋणी) सूर्या पाल (सह-ऋणी)	07-07-2025 & ₹ 19,90,619/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, गाटा नंबर 784 के भाग पर प्लॉट नंबर19, ग्राम सलेमपुर स्थित, तहसील लखीमपुर, परगना एवं जिला-लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश- 262701 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - रास्ता कच्चा 4.57 मीटर चौड़ा, पश्चिम - विक्रेता का प्लॉट नंबर 18, उत्तर - मंगू लाल का प्लॉट नंबर 20, दक्षिण - प्लॉट नंबर 10 अन्य	₹ 20,38,400/-	₹ 2,03,840/-	भौतिक
2	(लोन कोड नं. 00110001435 एवं 11600000955/ लखनऊ/ लखनऊ एलडीए कॉलोनी शाखा) समरीन बानो (ऋणी) मोहम्मद शाहरुख (सह-ऋणी) मोहम्मद शाहरुख (जमानतदार)	10-07-2026 & ₹ 16,47,331/-	संपूर्ण संपत्ति का वह भाग एवं समस्त अंश, संयुक्त मकान सं. 246 एवं 247 मी., खसरा सं. 515 का भाग, ग्राम बंथरा सिकंदरपुर, परगना बिजनौर, तहसील सरोजनी नगर, जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः 20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम: मकान नं. 218 एवं 219, उत्तर: मकान नं. 248, दक्षिण: मकान नं. 245	₹ 19,29,600/-	₹ 1,92,960/-	सांकेतिक
3	(लोन कोड नं. 00100002263/ लखनऊ शाखा) जैनाब (ऋणी) फिरोज अहमद (सह-ऋणी) शबाना (जमानतदार)	11-05-2026 & ₹ 11,88,028/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, प्लॉट नं.- 04-B का भाग, मिनजुमला खसरा नं.- 759 एवं 761, बरौरा हुसैन बाड़ी, वार्ड- कनहैया माधवपुर, जिला- लखनऊ, उत्तर प्रदेश, **चर्तुसीमाएँ :** पूर्व- अख्तर अली का प्लॉट, पश्चिम- 15 फीट चौडी सडक, उत्तर- कब्बन अली का मकान, दक्षिण- हाजी सईदुल्लाह का मकान,.	₹ 26,40,000/-	₹ 2,64,000/-	सांकेतिक
4	(लोन कोड नं. 11600000524 / लखनऊ एलडीए कॉलोनी शाखा) अभिषेक सिंह (ऋणी) उषा सिंह (सह-ऋणी) शशि भूषण (जमानतदार)	11-07-2023 & ₹ 19,40,200/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, खसरा नं. 1585 का भाग पर मकान, ग्राम मउ, परगना मोहनलालगंज लखनउ, लखनउ, उत्तरप्रदेश-227305 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - प्लॉट नं. 236 एवं प्लॉट नं. 236, पश्चिम - 25 फीट चौड़ा रोड एवं प्लॉट नं. 235, उत्तर - ओमप्रकाश एवं अन्य का भाग एवं खसरा नं. 1585 का भाग, दक्षिण - 25 फीट चौड़ा रोड एवं 25 फीट चौड़ा रोड	₹ 62,30,000/-	₹ 6,23,000/-	सांकेतिक
5	(लोन कोड नं. 11600000242/ लखनऊ एलडीए शाखा) सुनील कुमार गुप्ता (ऋणी) मुन्नी गुप्ता (सह-ऋणी) विवेक कुमार सिंह (जमानतदार)	08-09-2023 & ₹ 10,65,533/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मकान नं. ईएस 54 सेक्टर ए, पर मकान नं. ईएस 54, सेक्टर ए, खसरा का भाग अलीगंज, वार्ड भारतेंदु हरीश चंद्र तहसील लखनउ, उत्तरप्रदेश-226001 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - मकान नं. 1/53, पश्चिम - मकान नं. 1/55, उत्तर मकान नं. 1/78, दक्षिण - 10 फीट चौड़ी गली	₹ 25,74,000-	₹ 2,57,400/-	सांकेतिक
6	(लोन कोड नं. 00110000651 / लखनऊ शाखा) हरिश कुमार मौर्या (ऋणी) रामनरेश मौर्या (सह-ऋणी)	14-04-2026 & ₹ 6,71,777/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, एक किता प्लॉट, प्लॉट खसरा नंबर- 223 मिन, ग्राम - बावन बुजुर्गबल्ला स्थित, परगना-सदर, तहसील-महाराजगंज, जिला-रायबरेली, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएं:** पूर्व-विकेता की भूमि, पश्चिम-शिव बालक का प्लॉट, उत्तर-फार्मलैंड सुंदर, दक्षिण-नहर	₹ 12,05,250/-	₹ 1,20,525/-	सांकेतिक

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **16.12.2026 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। **2.** संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **17.12.2026 दोपहर 3.00 बजे से https://bankeauctions.com** पर है। **3.** जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी। **4.** डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए। **5.** नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी । बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें । **6.** इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/signup,** लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं। **7.** अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी **दिलीप सिंह जादौन (संपर्क नंबर 8319021816)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com,** फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है। **8.** बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.aadharhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें। **9.** नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है। **10.** यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 12.11.2026

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड